मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-158
25/03/2021

मुख्यमंत्री के समक्ष खान एवं भूतत्व विभाग का प्रस्तुतीकरण

- बिहार का गौरवशाली इतिहास है जिसे अक्षुण्ण रखना है– मुख्यमंत्री

पटना, 25 मार्च 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के समक्ष आज 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में खान एवं भूतत्व विभाग ने बालू एवं पत्थर भूखंडों की बंदोबस्ती से संबंधित प्रस्तुतीकरण दिया। खान एवं भूतत्व विभाग की प्रधान सचिव श्रीमती हरजोत कौर ने प्रस्तुतीकरण में बालू घाटों की बंदोबस्ती की अद्यतन स्थिति एवं बालू की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु विकल्पों के संबंध में मुख्यमंत्री को जानकारी दी।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में पहाड़ों की संख्या कम हैं। वर्ष 2007 से पहाड़ों की खुदाई को नियंत्रित करने के लिये कई कदम उठाये गये हैं। यहां के पहाड़ 2 करोड़ से 10 करोड़ वर्ष पुराने हैं। यह कई ऐतिहासिक विरासत को समेटे हुए है। बिहार के ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित करना होगा, इसके संरक्षण से राज्य में टूरिज्म को और बढ़ावा मिलेगा। राजगीर, गया, सासाराम जैसे इलाकों के कई पहाड़ों की अपनी ऐतिहासिक महत्ता है। पंच पर्वत के बीच राजगीर बसा हुआ था जो मगध की राजधानी थी, बाद में पाटलिपुत्र मगध की राजधानी बनी। बिहार का गौरवशाली इतिहास है जिसे अक्षुण्ण रखना है। पहाड़ों को हर हाल में सुरक्षित रखा जाय, इसका खनन सीमित रखा जाय। पर्यावरण को ध्यान में रखकर ही सारे कार्य किये जायें।

बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद, शिक्षा मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, खान एवं भूतत्व मंत्री श्री जनक राम, जल संसाधन मंत्री श्री संजय झा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री अरुण कुमार सिंह, विकास आयुक्त श्री आमिर सुबहानी, प्रधान सचिव, वित्त श्री एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार सिंह, खान एवं भूतत्व विभाग की प्रधान सचिव श्रीमती हरजोत कौर, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

******